# *प्रेसनोट जनपद मुरादाबाद*

**श्री हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद** के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 22.08.2023 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयी।

## 1.लूट की योजना बनाते हुए 02 अभियुक्तगण को अवैध चाकू के साथ किया गिरफ्तार,थाना कांठः-



**अवगत कराना है आज दिनांक 22.08.2023 को उ0नि0 श्री पंकज कुमार थाना कांठ द्वारा मय हमराही पुलिसबल के अभियुक्तगण1.अरुण पुत्र शीशुपाल सिंह निवासी ग्राम महमूदपुर माफी थाना कांठ,मुरादाबाद 2. अकित कुमार पुत्र मोहर सिंह निवासी ग्राम महमूदपुर माफी थाना कांठ,मुरादबाद को लूट की योजना बनाते हुए गिरफ्तार किया गया,अभियुक्तगण के कब्जे से अलग-अलग 02 अवैध चाकू बरामद किये गये। इस सम्बन्ध में थाना कांठ पर मु0अ0सं0-292/2023 धारा-398/401 भादवि व धारा- 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।**

## 2.लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोपी गिरफ्तार,थाना बिलारीः-



**अवगत कराना है दिनांक 17.07.2023 को वादी निवासी थाना बिलारी क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्तगण द्वारा वादी की पुत्री को बहला-फुसालकर भगा ले जाने के संबंध में थाना बिलारी पर तहरीर दी,तहरीर के आधार पर थाना बिलारी पर मु0अ0सं0-291/2023 धारा-363 भादवि पंजीकृत किया गया। लड़की को पूर्व में ही सकुशल बरामद किया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान आज दिनांक 22.08.2023 को उ0नि0 श्री योगेश कुमार थाना बिलारी द्वारा मय हमराही पुलिसबल के अभियुक्त सालिम उर्फ तुल्लन पुत्र कल्लू नि0 ग्राम थावला थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।**

## 3. थाना मझौला क्षेत्रांतर्गत अनुज चौधरी की हत्या में फरार 50-50 हजार रूपये के ईनामी 03 अभियुक्तगण को थाना मझोला व सिविल लाइन्स पुलिस ने मुठभेड़ में किया गिरफ्तार ,अभियुक्तगण के कब्जे से आलाकत्ल 02 अवैध तमंचे 315 बोर,03 जिन्दा कारतूस,03 खोखा कारतूस 315 बोर एक देशी पिस्टल .32 बोर व 03 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस तथा 02 मोटरसाईकिल बरामद।

अवगत कराना है कि आज दिनांक 22.08.2023 को थाना सिविल लाइन्स पुलिस को सूचना मिली थी कि थाना मझोला क्षेत्रान्तर्गत अनुज चौधरी हत्याकांड करने वाले 03 आरोपी (शूटर) थाना कांठ की तरफ से मुरादाबाद आ रहे है । सूचना पर थाना प्रभारी सिविल लाइन्स द्वारा उच्चाधिकारीगण को सूचित कर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु घेराबंदी की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार,पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन्स के पर्यवेक्षण में थाना सिविल लाइन्स पुलिस टीम शेरूआ चौराहे पर चैकिंग कर रही थी तभी कांठ की तरफ से दो मोटर साईकिल आती हुई दिखायी दी,जिस पर सवार 03 लोग संदिग्ध प्रतीत हुए। जिनको बैरियर लगाकर रूकने का इशारा किया गया लेकिन दोनों मोटर साईकिल पर सवार 03 संदिग्ध पुलिस टीम को चकमा देकर मुरादाबाद की तरफ मोटर साईकिल से तेजी से भागने लगे । पुलिस टीम द्वारा उक्त मोटर साईकिल चालको का पीछा किया गया तो अगवानपुर पुल के नीचे एक मोटर साईकिल सवार गिर गया, जिसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी,पुलिसटीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गयी, जिसमे 01 अभियुक्त घायल हो गया तथा अभियुक्त द्वारा चलायी गयी गोली से पुलिस टीम मे शामिल  हे0का0  गजेन्द्र सिहं घायल हो गये । अभियुक्त को मौके से गिरफ्तार कर, उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर व 02 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद  किये गये,अभियुक्त ने अपना नाम सुशील शर्मा उर्फ गोलू पुत्र ज्योति प्रकाश शर्मा निवासी अवन्तिका कॉलोनी आजाद नगर थाना गजरौला,अमरोहा हाल निवासी ब्रह्मपुरी जयन्तीपुर थाना मझोला,मुरादाबाद बताया। घायलो को उपचार हेतु जिला अस्पताल ले जाया गया। इस सम्बन्ध में अभियुक्त सुशील शर्मा उपरोक्त के विरूद्ध थाना सिविल लाइन्स पर मु0अ0सं0-706/23 धारा-307 भादवि व धारा -3/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। तथा अन्य दूसरी मोटर साईकिल पर सवार 02 संदिग्ध काजीपुरा की तरफ भाग गये । तत्काल थाना प्रभारी सिविल लाइन्स द्वारा थाना प्रभारी मझोला को सूचना देकर भाग रहे संदिग्धों की घेराबंदी करने के लिए कहा गया ।

सूचना पर थाना प्रभारी मझोला द्वारा मय पुलिस बल मोटरसाईकिल पर भाग रहे 02 संदिग्धों को  नया मुरादाबाद सेक्टर 15 में घेर लिया गया। अपने को घिरा देखकर दोनों बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गई। पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाश घायल हो गए, जिन्हें पुलिस द्वारा घायल अवस्था मे गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ के दौरान एक पुलिस कर्मी घायल हो गया। पूछताछ के दौरान उपरोक्त घायल बदमाशों द्वारा अपना नाम 1.सूर्यकान्त उर्फ भानू पुत्र अरविन्द शर्मा निवासी ब्रह्मपुरी  थाना मझोला जनपद मुरादाबाद,  2. आकाश उर्फ गटुआ पुत्र पप्पू निवासी डबल फाटक भदौडा थाना कटघर जनपद मुरादाबाद बताया गया। जिनके कब्जे से एक अवैध देशी पिस्टल .32 बोर(अभियुक्त सूर्यकांत उपरोक्त से बरामद) मय मैगजीन, 03 जिन्दा कारतूस 32 बोर, 01 खोका कारतूस 32 बोर, एक अवैध देसी तमंचा 315 बोर(अभियुक्त आकाश उपरोक्त से बरामद), 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर, एक खोखा कारतूस 315 बोर व एक मोटरसाईकिल बरामद किये गये। घायलों को ईलाज हेतु जिला अस्पताल लाया गया। इस  सम्बन्ध में थाना मझोला पर मु0अ0सं0-615/23 धारा-307 भादवि व धारा-3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। उपरोक्त  03 अभियुक्तगण 50-50 हजार रूपये के ईनामी अभियुक्त है। उपरोक्त हत्याकांड में पूर्व मे दिनांक 16.08.2023 दो अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मुकदमा उपरोक्त में वांछित अन्य अभियुक्तगण की तलाश थाना मझोला पुलिस द्वारा की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण-**_अभियुक्तगण से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया कि दिनांक 10.08.2023 को अनुज चौधरी की हम तीनों ने मिलकर गोली मारकर हत्या कर दी थी । जिसके लिये 30 लाख रूपये की सुपारी

नीरजपाल पुत्र शशिपाल निवासी रेलवे कालोनी हरथला थाना सिविल लाइन मुरादाबाद व अमित चौधरी पुत्र विजयपाल सिंह निवासी भवालपुर थाना ऐचौडा कम्बोह,सम्भल तथा पुष्पेन्द्र उर्फ भूरा पुत्र जन्म सिंह निवासी भवालपुर थाना ऐचौडा कम्बोह,सम्भल ने दी थी। हम तीनों को 02 लाख रूपये प्राप्त हुए थे। घटना से करीब 10 दिन पहले नीरजपाल,अमित व पुष्पेन्द्र तीनों सूर्यकांत की ब्राइट स्टार अस्पताल के पास बनी कैंटिन पर आये, जिनके द्वारा हम तीनों को एक पिस्टल व 02 तमंचे,कारतूस तथा सफेद कोट उपलब्ध कराये गये तथा पार्शवनाथ सोसाईटी में किराये पर लिये गये फ्लैट को किराये पर लेकर उसकी चाबी सूर्यकांत उर्फ शानू को दे दी थी। उसी दिन से रोजाना हम तीनों अनुज चौधरी की रैकी करते थे। दिनांक 10.08.2023 की शाम को करीब 05.00 बजे हम तीनों फ्लैट पर जाकर रेकी की और अनुज चौधरी के आने का इंतजार करने लगे। जैसे ही अनुज चौधरी अपने फ्लैट के सामने से किसी अन्य व्यक्ति के साथ घूमता हुआ निकला तो प्लान के अनुसार एक मोटरसाईकिल जिसको आकाश चला रहा था पर सवार होकर पीछे से आये और सूर्यकांत तथा सुशील दोनो ने अनुज चौधरी पर पीछे से ताबड़तोड़ फायर कर दिये तथा अनुज चौधरी की हत्या कर वहां से भाग गये। फिर हम छिपते छिपाते पुलिस के डर से इधर उधर घूमते रहे। आज हम तीनों दो मोटरसाईकिलों पर अपने वकील से बात करने के लिये सुबह के समय आ रहे थे। दोनो मोटरसाईकिलों को अगवानपुर बाईपास पुल से नीचे उतरने वाले रास्ते पर पुलिस ने चैकिंग के समय रोक लिया। जहां पर सुशील शर्मा जो अलग मोटरसाईकिल पर था,पुलिस टीम द्वारा उसे मोटरसाईकिल सहित पकड लिया गया। इसका मौका पाकर हम दोंनो(सूर्यकांत व आकाश) काजीपुर बिशनपुर से होते हुए नये मुरादाबाद की तरफ जा रहे थे,तो रास्ते में हम दोनो को भी पुलिस टीम ने पकड लिया। जो तमंचे व पिस्टल,कारतूस हमारे पास से मिले है, इन्ही से हमारे द्वारा अनुज चौधरी की हत्या की गई थी।

**थाना सिविल लाइन्स पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –**

1.सुशील शर्मा उर्फ गोलू पुत्र ज्योति प्रकाश शर्मा निवासी अवन्तिका कालोनी आजाद नगर थाना गजरौला जनपद अमरोहा हाल निवासी ब्रह्मपुरी जयन्तीपुर थाना मझोला,मुरादाबाद।

**अभियुक्त से बरामदगीः-**

1.एक अवैध तमंचा 315 बोर,02 जिन्दा कारतूस 315 बोर,02 खोखा कारतूस 315 बोर
2.एक मोटर साईकिल बजाज सीटी-100 बिना नम्बर।

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-**

1.मु0अ0सं0- 629/2018 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मझोला
2.मु0अ0सं0- 535/2021 धारा 147/323/384 आईपीसी थाना मझोला
3.मु0अ0सं0- 1009/2021 धारा 336 आईपीसी व 7 दण्ड विधान अधिनिमय थाना मझोला
4.मु0अ0सं0- 598/2023 धारा 302/307 आईपीसी थाना मझोला जनपद मुरादाबाद।
5.मु0अ0सं0-706/23 धारा 307 आईपीसी व 3/27 आर्म्स एक्ट थाना सिविल लाईन्स,मुरादाबाद।

**नोटः अभियुक्त का शेष आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।**

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः**

प्रभारी निरीक्षक श्री रामप्रसाद शर्मा थाना सिविल लाईन्स, मुरादाबाद।
उ0नि0 श्री सौरभ त्यागी थाना सिविल लाईन्स , मुरादाबाद।
उ0नि0 श्री सोमपाल सिहं थाना सिविल लाईन्स , मुरादाबाद।
उ0नि0 श्री मृदुल कुमार थाना सिविल लाईन्स , मुरादाबाद।
हे0का0 गजेन्द्र सिहं थाना सिविल लाईन्स , मुरादाबाद।
हे0का0 प्रेमराज थाना सिविल लाईन्स , मुरादाबाद।
हे0का0 मनोज राणा थाना सिविल लाईन्स , मुरादाबाद।
का0 राधारमण थाना सिविल लाईन्स , मुरादाबाद।
का0 जगदीश थाना सिविल लाईन्स , मुरादाबाद।
का0 प्रेवश कुमार थाना सिविल लाईन्स , मुरादाबाद।

**थाना मझोला पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता –**

1.सूर्यकान्त उर्फ शानू पुत्र अरविन्द शर्मा निवासी ब्रह्मपुरी थाना मझोला,मुरादाबाद।
2.आकाश उर्फ गटुआ पुत्र पप्पू निवासी डबल फाटक भदौडा थाना कटघर,मुरादाबाद।

**बरामदगीः-**

एक अवैध देशी पिस्टल .32 बोर(अभियुक्त सूर्यकांत उपरोक्त से बरामद) मय मैगजीन, 03 जिन्दा कारतूस 32 बोर, 01 खोका कारतूस 32 बोर, एक अवैध देसी तमंचा 315 बोर(अभियुक्त आकाश उपरोक्त से बरामद),, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर, एक खोखा कारतूस 315 बोर व एक मोटरसाईकिल सुपर स्पलैण्डर बिना नम्बर प्लेट बरामद किये गये।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त सूर्यकान्त शर्मा उर्फ शानू**

**1. मु0अ0सं0- 45/2019 धारा- 307/147/504/506 भादवि थाना मझोला जनपद मुरादाबाद**
**2. मु0अ0सं0- 107/2019 धारा- 3/25/27 आयुद्ध अधिनियम थाना मझोला जनपद मुरादाबाद**
**3. मु0अ0सं0-1341/2020 धारा-307/326/34 भादवि व 3(2)(V) sc/st Act थाना मझोला,मुरादाबाद**
**4. मु0अ0सं0 45 / 2019 धारा 307/147/504/506 भादवि थाना मझोला जनपद मुरादाबाद**
**5.मु0अ0सं0-598/23 धारा-302/307/120 बी भादवि थाना मझोला,मुरादाबाद।**
**6.मु0अ0सं0-615/23 धारा-3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना मझोला,मुरादाबाद।**

**आपराधिक इतिहास - आकाश उर्फ गटुआ पुत्र पप्पू कश्यप निवासी द्रोपती सन इन्टर कालिज के पास भदौड डबल फाटक थाना कटघर जनपद मुरादाबाद**

**1.मु0अ0सं0-1109/21 धारा-3/25 आर्म्स एक्ट थाना मझोला,मुरादाबाद।**
**2.मु0अ0सं0-1010/21 धारा-3/25 आर्म्स एक्ट थाना मझोला,मुरादाबाद।**
**3.मु0अ0सं0-598/23 धारा-302/307/120 बी भादवि थाना मझोला,मुरादाबाद।**
**4.मु0अ0सं0-615/23 धारा-3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना मझोला,मुरादाबाद।**

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री विप्लव शर्मा थाना मझोला, मुरादाबाद ।
2. उ0नि0 श्री जुगेन्द्र पाल सिंह पटेल थाना मझोला, मुरादाबाद ।
3. उ0नि0 श्री ओमकार सिंह थाना मझोला, मुरादाबाद ।
4. उ0नि0 श्री नवीन कुमार थाना मझोला, मुरादाबाद
5. हे0का0 संदीप नागर थाना मझोला, मुरादाबाद
6. का0 राहुल थाना मझोला, मुरादाबाद
7. हे0का0 राहुल थाना मझोला, मुरादाबाद
8. हेका0 दुर्गेश थाना मझोला, मुरादाबाद
9. का0 आशीष थाना मझोला, मुरादाबाद
10. का0 लविश, थाना मझोला, मुरादाबाद